बिहार सरकार
स्वास्थ्य विभाग

आदेश

संचिका संख्याः–15/औ०–14–01/2025 –................./स्वा० पटना/दिनांक :–

प्रभारी पदाधिकारी, संयुक्त खाद्य एवं औषधि प्रयोगशाला, अगमकुऑ, पटना–07 के कार्यालय आदेश ज्ञापांक–300, दिनांक–09.08.2025 द्वारा श्री महेन्द्र सैनी, खाद्य विश्लेषक, सयुक्त खाद्य एवं औषधि प्रयोगशाला, अगमकुऑ, पटना–07 का दिनाक–11.08.2025 से दिनाक – 18.08.2025 तक उपभोगित उपार्जित अवकाश के स्वीकृति हेतु आदेश निर्गत करने की कार्रवाई की गयी है।

2. श्री सैनी समूह–ख के एक राजपत्रित पदाधिकारी है। समूह–ख के राजपत्रित पदाधिकारी के मामले मे आकस्मिक अवकाश एव प्रतिबधित अवकाश से भिन्न अन्य सभी प्रकार के अवकाशों की स्वीकृति हेतु बिहार कार्यपालिका नियमावली के नियम–21 के अन्तर्गत चतुर्थ अनुसूची में वर्णित प्रावधानानुसार सक्षम प्राधिकार **विभागीय सचिव** है।

3. उक्त प्रावधान को दृष्टिपथ रखते हुए सक्षम प्राधिकार के अनुमोदन से उक्त कार्यालय आदेश ज्ञापांक–300, दिनाक–09.08.2025 द्वारा उपार्जित अवकाश की स्वीकृति हेतु निर्गत आदेश को एतद् द्वारा **रद्द** किया जाता है तथा श्री सैनी को निदेशित किया जाता है कि वे नियमानुसार उक्त उपभोगित उपार्जित अवकाश की स्वीकृति हेतु विहित प्रपत्र में विभाग में सक्षम प्राधिकार के समक्ष आवेदन समर्पित करना सुनिश्चित करेंगे।

4. प्रभारी पदाधिकारी, संयुक्त खाद्य एवं औषधि प्रयोगशाला को निदेशित किया जाता है कि वे उक्त प्रावधान के आलोक में खाद्य विश्लेषकों को केवल आकस्मिक अवकाश एव प्रतिबधित अवकाश की ही स्वीकृति प्रदान करेंगे। उक्त के अतिरिक्त अन्य सभी प्रकार के अवकाशो की स्वीकृति नियमानुसार **विभागीय सचिव** के अनुमोदन से ही स्वीकृत किया जा सकेगा।

5 प्रस्ताव मे सक्षम प्राधिकार का अनुमोदन प्राप्त है।

ह०/–
(कृष्णा उराँव)
सरकार के उप सचिव,
स्वास्थ्य विभाग, बिहार, पटना।

ज्ञापांकः–.....18(15B) **पटना/दिनांकः–** .....16/01/... **2026**

प्रतिलिपि : सचिव, स्वास्थ्य –सह– खाद्य संरक्षा आयुक्त, बिहार, पटना के प्रधान आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि : प्रभारी पदाधिकारी, वित्त (वै०दा०नि०को०) विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एव आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि : प्रभारी पदाधिकारी/सभी खाद्य विश्लेषक, संयुक्त खाद्य एवं औषधि प्रयोगशाला, अगमकुऑ, पटना–07 को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि : आई०टी०मैनेजर, स्वास्थ्य विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

16/01/2026
सरकार के उप सचिव,
स्वास्थ्य विभाग, बिहार, पटना।